(b) SAIL is expanding and diversifying its activities in the International market by capitalising on its special technical and professional expertise, based on over 30 years of experience in the field of iron and steel making. With this in view, exports of Projects and Services in the following areas have been envisaged:

— Projects and Engineering Services
— Technical and management Services
— Technology and know-how Services
— Human Resource Development.

Recently an agreement was signed for a project for rehabilitation of a steel making unit in Manila, Philippines.

Retrenchment in HSCL

3947. SHRI SUNIL BASU RAY: Will the Minister of STEEL be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the possibility of massive retrenchment by Hindustan Steel Works Construction Limited; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF STEEL (SHRI SANTOSH MOHAN DEV): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

डाली राजहारा आयरन ओर माइन्स

3948. **श्री गया सिंह:** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की डाली आयरन ओर माइन्स तीन साल बाद भिलाई इस्पात संयंत्र की आवश्यकता को पूरा नहीं कर पायेगा;

(ख) क्या रावघाट खानों में काफी मात्रा में लौह अयस्क के भंडार मिले हैं; और

(ग) क्या पर्यावरण विभाग ने रावघाट के विकास को दो साल से रोक रखा है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव): (क) भिलाई इस्पात संयंत्र की संपूर्ण आवश्यकता वर्ष 1996-97 से दल्ली राजहारा लौह अयस्क की खानों से पूरी नहीं हो पाएगी।

(ख) जी, हां।

(ग) पर्यावरण विभाग ने 'सेल' को सलाह दी है कि वह रावघाट क्षेत्र में विस्तृत बायो-विविधिकरण अध्ययन कार्य करें।

विजयनगर स्टील लिमिटेड की स्थापना

3949. **श्री गया सिंह:** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विजयनगर स्टील लिमिटेड की स्थापना कब हुई थी और इसके वार्षिक खर्च का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विजयनगर स्टील लिमिटेड का विश्वेश्वरैया भद्रावती स्टील प्लांट के साथ समामेलन करने में सरकार को क्या आपत्ति है?

इस्पात मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव): (क) विजयनगर स्टील लिमिटेड वर्ष 1982 में पंजीकृत की गई थी तथा इसका औसत वार्षिक व्यय लगभग 40-45 लाख रुपए है।

(ख) विजयनगर स्टील लिमिटेड का विश्वेश्वरैया आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड, भद्रावती में विलय करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

फेयरो स्क्रैप निगम

3950. **श्री गया सिंह:** क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भिलाई में फेयरो स्क्रैप निगम की सुरक्षा के लिए सत्रह डौग हैंडलर की नियुक्ति की जा रही है, और इस प्रयोजन के लिए 100 कुत्ते भी रखे जाएंगे;

(ख) क्या यह भी सच है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के हजारों जवान लगे हुए हैं; और

(ग) क्या फेरयो स्क्रैप निगम को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सेवाओं पर विश्वास नहीं है और इसका ब्यौरा क्या है?